web: www.nyaysakshi.com
पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल
पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 29 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 332

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पति से झगड़े के बाद तीन बच्चों संग नहर में कूदी महिला, पानी में तैरते मिले चारों शव

**सीतामढ़ी (आरएनएस)।** बिहार के सीतामढ़ी जिले में भारत-नेपाल सीमा स्थित बेला थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव (तेलियाही) में एक महिला और उसके तीन बच्चों का शव तालाब से बरामद किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि महिला ने अपने तीनों बच्चों के संग तालाब में कूदकर जान दी है। महिला का पति लुधियाना में सिलाई करता है। महिला की पति के साथ झगड़ा चल रहा था। मृतकों की पहचान गांव के संजीव कुमार की 32 वर्षीय पत्नी मंजू देवी, 6 वर्षीय आर्यन, 4 वर्षीय सुशांत और डेढ़ वर्षीय हिमांशु के रूप में हुई है। महिला के घर में आगजनी होने की भी जानकारी सामने आई है। बंद पक्के मकान के अंदर आग से काफी सारा सामान जलकर राख हो गया है। लोगों का कहना है कि घर से धुआं उठता हुआ देखकर जब दौड़े तो मकान में ताला लटका हुआ था। घर के अंदर से आग की लपटें उठ रही थीं। यह देखकर सभी और घबरा गए उन्हें लगने लगा की ऐसा न हो कि चारों अंदर ही जल गए हो। अंदर चेक करने पर कोई भी ना था। इसके बाद गांव में लगे जन्माष्टमी मेले में लगे माइक से लोगों ने अनाउंस करवाया। महिला के नाम से पुकार किया गया, ताकि वह कहीं मेला घूमने आई हो, तो अनाउंसमेंट सुनकर अपने घर लौट जाए। रात भर लोग चिंतित रहे।

### 5 दिन का बच्चा..1 लाख में सौदा; आरोपियों में माता-पिता भी शामिल- 6 गिरफ्तार

**ठाणे (आरएनएस)।** ठाणे में पुलिस ने एक पांच दिन के बच्चे को बेचने के आरोप में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। नागपुर पुलिस के अनुसार, 1.10 लाख रुपये में एक संतानहीन दंपति को बच्चा बेचा गया था। यह मामला ऐंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग स्क्वॉयड के ऑपरेशन के दौरान सामने आया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों में बच्चे के माता-पिता, खरीदने वाले दंपति और बिचौलिये शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में सुनील उर्फ दयाराम गेंदरे और उसकी पत्नी श्वेता शामिल हैं, जिनके बच्चे को बेचा गया। खरीदने वाले दंपति की पहचान पूर्णिमा शेल्के और उसके पति धर्मदास शेल्के के रूप में की गई है। दोनों परिवार ठाणे जिले के बदलापुर के निवासी हैं। इसके अतिरिक्त, दो बिचौलियों की पहचान किरण इंगले और उसके पति प्रमोद इंगले के रूप में की गई है। जांच में पता चला है कि सुनील और श्वेता गेंदरे पैसे की लालसा में थे, जबकि शेल्के दंपति संतानहीन थे और किसी कानूनी प्रक्रिया के बिना सीधे सौदा करने के इच्छुक थे। बच्चे की बिक्री 22 अगस्त को की गई थी, और शेल्के दंपति ने 1.10 लाख रुपये की राशि दी थी। इस मामले की जानकारी पुलिस को मिली, जिसके बाद मानव तस्करी विरोधी टीम को सक्रिय किया गया। नागपुर पुलिस ने इस मामले में जुवेनाइल जस्टिस ऐक्ट की धारा 75 और 81 के तहत मामला दर्ज किया है।

### यमन में भयंकर बाढ़ से 25 लोगों की मौत

**सना।** यमन के अल-महवित क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है। 24 घंटे से अधिक की भारी बारिश के कारण अल-महवित में अचानक आई बाढ़ के कारण तीन बांध टूट गए और मल्हान जिले में दर्जनों घर बह गए। सूत्रों ने बताया कि कई ग्रामीण अभी भी लापता हैं, इसलिए बचाव अभियान जारी है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इस महीने की शुरुआत में होदेइदाह और हज्जाह क्षेत्रों में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ ने 45 लोगों की जान ले ली और इससे 12,000 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा है। डब्ल्यूएचओ ने संघर्ष-ग्रस्त देश में बरसात के मौसम में दूषित पानी और खराब स्वच्छता के कारण बीमारियों के फैलने की संभावना के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। बता दें कि यमन 2014 से गृहयुद्ध में फंसा हुआ है, जब हौथी समूह ने कई उत्तरी प्रांतों पर कब्जा कर लिया, जिससे यमनी सरकार को राजधानी सना छोडक़र भागने पर मजबूर होना पड़ा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, इससे पहले 25 अगस्त को इंडोनेशिया के उत्तरी मालुकु प्रांत में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से कई घरों और बुनियादी ढांचे के नष्ट हो जाने के बाद 13 शव बरामद किए गए थे। इसके अलावा छह लोग अभी भी लापता हैं। लगभग एक दशक से चल रहे युद्ध से जूझ रहा यमन लगभग हर साल भारी बारिश के कारण भयंकर बाढ़ का सामना करता है। वहां जलवायु परिवर्तन के कारण भारी बारिश हो रही है।

# देश में 12 नए बनेंगे औद्योगिक शहर, 10 लाख लोगों को मिलेंगी नौकरियां

**❐ मोदी कैबिनेट में कई बड़े फैसलों पर मुहर**

**नई दिल्ली । आरएनएस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 12 इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी तैयार करने की मंजूरी दी गई है। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में उत्तर प्रदेश के आगरा और प्रयागराज, और बिहार के गया जिले को शामिल किया गया है। सरकार इस प्रोजेक्ट के लिए 28,602 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके माध्यम से 10 लाख लोगों को सीधे रोजगार मिलने की संभावना है।

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 9 राज्यों में 12 नए इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी बनाने की मंजूरी दी है। इस पर कुल 28,602 करोड़ रुपये का निवेश होगा। प्रस्तावित 12 इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के माध्यम से 1.52 लाख करोड़ रुपये की निवेश संभावनाएं उत्पन्न होंगी। यह प्रोजेक्ट 9 राज्यों में फैले 6 प्रमुख गलियारों के साथ रणनीतिक रूप से नियोजित किया गया है, जिसे देश की विनिर्माण क्षमताओं और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




**ये औद्योगिक क्षेत्र निम्नलिखित शहरों में स्थित होंगे**

पंजाब: राजपुरा-पटियाला
महाराष्ट्र: दिघी
उत्तराखंड: खुरपिया
केरल: पलक्कड़
उत्तर प्रदेश: आगरा और प्रयागराज
बिहार: गया
तेलंगाना: जहीराबाद
आंध्र प्रदेश: ओरवाकल और कोप्पर्थी
राजस्थान: जोधपुर-पाली

**निजी एफ एम रेडियो के 734 चैनलों की नीलामी को मंजूरी-** सरकार ने अलग अलग भाषाओं विशेष रूप से मातृ भाषा में कार्यक्रमों को बढावा देने के उद्देश्य से 234 शहरों में 730 निजी एफ एम चैनलों के लिए नीलामी की मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह मंजूरी निजी एफएम रेडियो के तीसरे चरण की नीति के तहत दी गयी है। इस चरण में 784.87 करोड़ रुपये के अनुमानित आरक्षित मूल्य की अधिकतम ई-नीलामी का संचालन करने का प्रस्ताव है। मंत्रिमंडल ने वस्तु एवं सेवा कर को छोडक़र एफएम चैनल के लिए वार्षिक लाइसेंस शुल्क को सकल राजस्व के 4 प्रतिशत की वसूली के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। यह 234 नए शहरों और कस्बों में लागू होगा। इससे अलग अलग भाषाओं विशेष रूप से मातृभाषाओं में स्थानीय कार्यक्रमों को बनाने को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, स्थानीय बोली और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और 'स्थानीय के लिए मुखर' पहल सामने आयेगी। निजी एफ एम चैनलों के लिए स्वीकृत शहरों और कस्बों में कई आकांक्षी जिले तथा वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र भी हैं। इन क्षेत्रों में निजी एफएम रेडियो की स्थापना से सरकार की पहुंच और मजबूत होगी।

**3 रेलवे इंफ्रा प्रोजेक्ट को भी मंजूरी-** केंद्र सरकार ने रेल मंत्रालय की तीन परियोजनाओं को भी मंजूरी दे दी है। इनकी इनकी कुल अनुमानित लागत 6,456 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (ष्टष्टश्व) ने बुधवार को ये मंजूरी दी। इनमें दो नई रेलवे लाइनें और एक मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट शामिल है। ये परियोजनाएं ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ को कवर करेंगी। इन चार राज्यों के सात जिलों को कवर करने वाली इस परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 300 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

**कृषि अवसंरचना कोष योजना के विस्तार को स्वीकृति-** किसानों को कृषि आदानों में वित्तीय मदद देने के लिए कृषि अवसंरचना कोष के विस्तार को केंद्रीय मंत्रीमंडल ने स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत वित्तपोषण सुविधा के विस्तार को मंजूरी दी गयी है। इससे यह योजना और अधिक आकर्षक, प्रभावी और समावेशी बनेगी। इस कोष का उद्देश्य कृषि क्षेत्र की परियोजनाओं के दायरे का विस्तार करना और एक मजबूत कृषि अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त सहायक उपाय करना है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से कृषि क्षमताओं में वृद्धि होगी और उत्पादकता और स्थिरता में सुधार होगा।

**अस्पताल परिसर में नियमित गश्त शुरू करने के निर्देश**

केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधा परिसरों में नियमित सुरक्षा कर्मियों की गश्त शुरु करने और प्रमुख स्थानों पर भारतीय न्याय संहिता में चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा से संबंधित प्रावधान प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं।

आज की कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। बैठक के बाद पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच एक अलग बैठक भी हुई।

## बंगाल बंद के दौरान बीजेपी नेता पर फायरिंग, रेलवे ट्रैक पर उतरे समर्थक, राज्य में दिख रहा बंद का असर

**कोलकाता । आरएनएस**

ट्रेनी महिला डाक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद कोलकाता में रोष प्रदर्शन किए जा रहे है। इसी बीच बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने भी बंगाल बंद का ऐलान किया है। भाजपा के बंगाल बंद का प्रदेश में असर भी देखने को मिल रहा है। भाजपा समर्थकों ने हावड़ा व सियालदह मंडल सहित कई जगहों पर ट्रेन सेवा को बाधित कर दिया। विभिन्न स्टेशनों पर बंद समर्थक ट्रेन के सामने खड़े होकर प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे दूरगामी ट्रेन सेवा भी प्रभावित हुई है। बंद के दौरान बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ताओं के भिडऩे की खबरें भी सामने आ रही हैं।

इसी बीच भाटपाड़ा में भारतीय जनता पार्टी के नेता पर फायरिंग हुई है। भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने आरोप लगाया कि भाटपाड़ा में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे की कार पर 6 राउंड फायरिंग की गई है। फायरिंग में कार पर सवार एक बीजेपी समर्थक घायल हुआ है। बीजेपी समर्थक का नाम रवि सिंह बताया जा रहा है।



भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने कहा, प्रियंगु पांडे हमारे पार्टी नेता हैं। आज उनकी कार पर हमला किया गया और गोलीबारी की गई। ड्राइवर को गोली लगी है। यह एसीपी की मौजूदगी में किया गया। प्रियंगु पांडे को मारने की योजना बनाई गई थी। टीएमसी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है इसलिए वे इस तरह की चीजें कर रहे हैं। इस घटना में दो लोग घायल हुए हैं, उनमें से एक गंभीर हैं।

## 73 हजार घातक बंदूकें खरीद रहा है भारत; दुश्मन करेंगे त्राहिमाम

**❐ यूएस से हुई बड़ी डील**

**नई दिल्ली । आरएनएस**

भारत ने अमेरिका के साथ 73,000 SiG Sauer असॉल्ट राइफल्स की खरीद के लिए एक बड़ा समझौता किया है। यह डील पहले खरीदी गई 72,400 राइफल्स के जखीरे में जोड़ी जाएगी। इन राइफल्स में SiG-716 मॉडल शामिल हैं, जो 7.62x51mm कैलिबर की होती हैं और 500 मीटर की मारक क्षमता रखती हैं।

इस डील की कुल लागत 837 करोड़ रुपये के आसपास बताई जा रही है। यह खरीद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई वाली काउंसिल द्वारा दिसंबर 2023 में अनुमोदित की गई थी। यह निर्णय चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच लिया गया है।



पिछले साल भारत ने अमेरिका से 72,400 SiG Sauer राइफल्स खरीदी थीं, जिनमें से 66,400 थल सेना, 4,000 वायुसेना, और 2,000 नौसेना को वितरित की गई थीं। यह डील 647 करोड़ रुपये में हुई थी। इसके अलावा, भारतीय सेना 40,949 लाइट मशीन गन्स भी खरीद रही है, जिसमें अनुमानित खर्च 2,165 करोड़ रुपये होगा।

AK-203 राइफल्स के उत्पादन में देरी के कारण भारत को SiG-716 राइफल्स का आयात करना पड़ा। AK-203 राइफल्स, जिनकी रेंज 300 मीटर है, इस साल पहली बार 35,000 की संख्या में सेना को मिली थीं। इन राइफल्स का निर्माण उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित कोरवा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में हो रहा है, जहां 10 सालों में 6 लाख AK-203 राइफल्स तैयार की जानी हैं। इस प्रोजेक्ट का ऐलान 2018 में किया गया था, लेकिन विभिन्न समस्याओं के कारण इसमें विलंब हुआ है।

## कांगो में मंकीपॉक्स से अब तक 610 लोगों की मौत

**किंशासा**

कांगो के स्वास्थ्य मंत्री रोजर काम्बा ने कहा है कि कांगो लोकतान्त्रिक गणराज्य (डीआरसी) में मंकीपॉक्स के कारण कम से कम 610 लोगों की मौत हो गई है।

मंत्री ने लोगों से सुरक्षात्मक उपायों को अपनाने के बारे में कहा है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से टीकाकरण करवाने को कहा है।

देश में अब तक 17,801 संदिग्ध मामले सामने आए हैं।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि संदिग्ध मामले संघर्ष प्रभावित प्रांतों से सामने आ रहे हैं, जहां देश के 7.3 मिलियन आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों में से अधिकांश लोग रहते हैं, जिससे दशकों के संघर्ष से तबाह हुई आबादी के लिए पहले से ही असहनीय स्थिति और अधिक खराब होने का खतरा है।



बता दें कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी मंकीपॉक्स (जिसे एमपॉक्स के नाम से भी जाना जाता है) को लेकर एक वैश्विक रणनीति तैयार की है। जिसमें वह इस वायरस को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके लिए वह वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर काम करेगा।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ टेड्रोस एडहानोम गेब्रियेसस ने कहा था, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और आसपास के देशों में एमपॉक्स के प्रकोप को नियंत्रित किया जा सकता है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और राष्ट्रीय व स्थानीय भागीदारों, नागरिक समाज, शोधकर्ताओं और निर्माताओं व हमारे सदस्य देशों के बीच एक व्यापक और समन्वित कार्य योजना की आवश्यकता है।

डब्ल्यूएचओ आर एंड डी ब्लूप्रिंट, अफ्रीका सीडीसी, महामारी तैयारी नवाचार गठबंधन (सेपी), और राष्ट्रीय एलर्जी और संक्रामक रोग संस्थान, 29-30 अगस्त 2024 को एक आभासी वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित करेगा। इसमें एमपॉक्स पर शोध कर रहे वैज्ञानिक इसे नियंत्रित करने पर चर्चा करेंगे।

गौरतलब है कि एमपॉक्स एक वायरल बीमारी है, जो मंकीपॉक्स वायरस के कारण होती है। वर्तमान में 14 अफ्रीकी देशों में इसका प्रकोप है।

**डाक्टर दुष्कर्म-मर्डर केस**

## 'नबन्ना प्रोटेस्ट' के आयोजक सयान लाहिड़ी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोलकाता । आरएनएस**

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना से देशभर में रोष पाया जा रहा है। इस घटना के विरोध में कोलकाता में भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए बड़ी संख्या में छात्र सडक़ों पर हैं। छात्रों के इस प्रदर्शन को 'नबन्ना अभियान' नाम दिया गया है।




कोलकाता पुलिस ने नबन्ना अभियान के आयोजक स्टूडेंट लीडर सयान लाहिड़ी को गिरफ्तार किया है। लाहिड़ी पश्चिम बंग छात्र समाज से जुड़ा हुआ है। सूत्रों का कहना है कि लाहिड़ी ने नबन्ना मार्च से पहले कोलकाता में एक फाइव स्टार होटल में किसी नेता से मुलाकात की थी। बता दें कि बंगाल में आज बीजेपी ने आज 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया है। यह बंद बुधवार सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक रहेगा. इस बंद को नबन्ना मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के विरोध में बुलाया गया है। वहीं, ममता बनर्जी का कहना है कि बुधवार को कोई बंद नहीं रहेगा। सरकारी कर्मचारियों के ऑफिस नहीं पहुंचने पर उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। वहीं, नबन्ना प्रोटेस्ट के बीज जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल भी है।

## ढाका में भारतीय वीजा आवेदन केंद्र की सुरक्षा बढ़ाई

**ढाका**

सैकड़ों वीजा आवेदकों ने ढाका में भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) के बाहर उग्र प्रदर्शन किया। इसके बाद वीजा केंद्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। राजधानी ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क से संचालित केंद्र के समक्ष भीड़ द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने के बाद भारतीय उच्चायोग ने सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया था।

लोगों ने वीजा देने से इनकार किए जाने के बाद भारत विरोधी नारे लगाए। उस समय स्थिति लगभग नियंत्रण से बाहर हो गई थी।

डेली स्टार के अनुसार भारतीय वीजा आवेदन केंद्र के कर्मचारियों और कर्मियों को भी परेशान किया गया और उन्हें धमकी दी गई। इससे उनका काम प्रभावित हुआ।

भारतीय अधिकारियों ने बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के साथ इस मामले को उठाया था। उनसे वीजा केंद्र की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की गई।

एक अधिकारी के अनुसार विरोध प्रदर्शन तब शुरू हुआ, जब लोगों को पासपोर्ट वापस किए जा रहे थे। भारतीय अधिकारी ने कहा कि भीड़ के अनियंत्रित व्यवहार के कारण, वे काम करने में असमर्थ हैं।

हालांकि, आईवीएसी को खुला रखा गया है और आपातकालीन तथा चिकित्सा मामलों के लिए कार्य किया जा रहा है।

फिलहाल सभी वीजा आवेदन जमा करने को निलंबित कर दिया गया है। केवल पासपोर्ट देने के लिए ढाका, चटगांव, सिलहट, जशोर, खुलना, सतखीरा, मैमनसिंह और राजशाही में आईवीएसी केंद्र सीमित स्तर पर काम कर रहे हैं।

ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग तथा चटगांव, राजशाही, सिलहट और खुलना स्थित सहायक उच्चायोग बांग्लादेश में हाल के घटनाक्रमों के बाद भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी में सहायता कर रहे हैं।

## सत्संग सुनने आए लोगों पर गिरी दीवार, 60 से अधिक लोग घायल

**❐ पांच की हालत गंभीर**

**❐ आयोजन में एकत्र हुए थे करीब 140-150 लोग**

**पटना । आरएनएस**

बिहार के पटना जिले के पुनपुन में बुधवार को एक धार्मिक आयोजन के दौरान पास की एक दीवार गिर जाने से कम से कम 5 दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, श्रीपालपुर में बुधवार को नीरज सिंह के आवास के पास एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में करीब 140-150 लोग एकत्र हुए थे। भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक पास की दीवार गिर गई। इसकी चपेट में आने से कम से कम 5 दर्जन लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इस घटना में कई लोग मलबे में भी दब गए थे।



दानापुर की डिप्टी एसपी पल्लवी कुमारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और दीवार के नीचे दबे लोगों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालने में जुट गई। घायलों को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि जब यह आयोजन चल रहा था, तब बारिश भी हो रही थी। इनमे से गंभीर रूप से घायल लोगों को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, दीवार गिरने के पहले एक ईंट एक बुजुर्ग महिला पर गिरी और उसके बाद पूरी दीवार भरभरा कर ढह गई। घायलों में कई के हाथ की हड्डी टूटी है तो कई के सिर फूटे हैं। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।